केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
राजभाषा अनुभाग

सं.20-5/15/22-राभा. **दिनांक 01.06.2022**

परिपत्र

विषय:- दिनांक 14 जून 2022 को ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में कार्यालयी विषयों पर व्याख्यान, अभ्यास कार्य एवं प्रशिक्षण के माध्यम से हिंदी कार्यशाला का नियमित आयोजन किया जाता है। दिनांक **14 जून 2022, मंगलवार** को ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजभाषा हिंदी, हिंदी के डिजिटल परिवेश एवं प्रशासनिक विषयों की हिंदी में अभिव्यक्ति से संबंधित विषय सम्मिलित किए जाएंगे जो संस्थान के अधिकारियों के लिए सतत रुप से उपयोगी हैं। ऑनलाइन माध्यम पर प्रस्तावित हिंदी कार्यशाला का कार्यक्रम निम्नवत है –

क्र.	समय	विषय	वक्ता
1	प्रात:10.00-11.25	डिजिटल परिवेश में हिंदी की अस्मिता और संवैधानिक दायित्व के अनुसार सार्थक फैलाव में हमारी भूमिका	डॉ. सी.जयशंकर बाबू, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी
2	प्रात:11.30-12.50	सीसीएस (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 18 के संदर्भ में चल और अचल संपत्ति विवरणी	श्री विरंची सारंग, प्रशासन अधिकारी, सीआरआरआई
3	अप.02.00-04.30	हिंदी कंप्यूटिंग के विविध आयाम और ई टूल्स का उपयोग	श्री नागेंद्र सिंह, पूर्व निदेशक (तकनीकी), राष्ट्रीय सूचना केंद्र

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार हिंदी कार्यशाला का यह कार्यक्रम **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति** के स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। अतएव, हिंदी कार्यशाला में नराकास, दक्षिण दिल्ली 1 के सभी कार्यालयों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। कार्यशाला के लिए निर्धारित विषयों की उपयोगिता तथा विभिन्न बाहरी कार्यालयों की सहभागिता को देखते हुए सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से ऑनलाइन कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध है।

कार्यशाला के ऑनलाइन आयोजन के लिए गूगल मीट/एमएस टीम्स का लिंक यथासमय सभी संबंधितों को भेज दिया जाएगा। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों, प्रमुखों, वैकल्पिक प्रमुखों, हिंदी के संपर्क अधिकारियों, सहकर्मियों एवं नामित प्रतिभागियों से यह अनुरोध रहेगा कि समय से कार्यशाला में सम्मिलित हों। चूंकि हिंदी कार्यशाला में गूगल मीट/एमएस टीम्स के माध्यम से व्याख्यान/प्रशिक्षण देने के लिए विषय के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है, अत: सत्रों को पारस्परिक संवादात्मक रुप देना अधिक लाभदायक होगा। तदनुसार विशेषज्ञों से शंका समाधान किया जा सकता है एवं प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

01.06.2022
(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि -

1. निदेशक महोदया का कार्यालय : सूचनार्थ
2. वरि. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय : सूचनार्थ
3. प्रशासन अधिकारी का कार्यालय : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु
4. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख : ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभागिता के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु
5. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य
6. राजभाषा मॉनीटरन समिति के सदस्य -- व्यापक **प्रचार, प्रसार** एवं **प्रतिभागिता** हेतु.
7. कार्यालय प्रति
8. सूचना पट्ट

hindi kar.2017OM